प्रस्तावना

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित संचालन समिति की सिफारिशों पर इस 'वित्तीय एवं बैंकिंग सांख्यिकी के संबंध मे मैनुअल' को तैयार किया है । इस संदर्भ में मैनुअल का उद्देश्य विविध क्षेत्रों, यथा, मौद्रिक सांख्यिकी, बैंकिंग सांख्यिकी, बाह्य क्षेत्र सांख्यिकी, राजकोषीय सांख्यिकी, आदि को सम्मिलित करते हुए आरबीआई द्वारा प्रकाशित सांख्यिकीय संकेतकों के संकलन के लिए क्रमबद्ध रूपरेखा प्रदान करना है । इस मैनुअल में बैंक में एकीकृत और एकसमान दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए संकलित किये गये प्रारंभिक आँकड़ों पर अधिक ध्यान दिया गया है । यह उम्मीद की जाती है कि यह प्रलेख इस विषय के संबंध में सांख्यिकीय संकेतकों के मापन के संबंध में अवधारणामूलक मुद्दों को भलीभाँति समझने में सुविधा प्रदान करेगा ।

बैंक और नाबार्ड के विभिन्न विभागों ने इस मैनुअल के लिए मूलभूत निविष्टियाँ प्रदान की हैं । इस बृहदाकार कार्य के संकलन के लिए सचिवीय सहायता बैंक के सांख्यिकीय विश्लेषण प्रभाग, सांविकंसेवि, द्वारा प्रदान की गयी। श्री राधेश्याम, परामर्शदाता के अधीन प्रभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा किये गये प्रयास प्रशंसनीय हैं । डॉ. अभिमान दास, सहायक परामर्शदाता, सुश्री मंजूषा सेनापति, अनुसंधान अधिकारी और श्री जॉयस जॉन, अनुसंधान अधिकारी के कार्य विशेष रूप से उल्लेख योग्य हैं । डॉ. के.एस रामचंद्र राव, प्रधान परामर्शदाता ने इस प्रकाशन के लिए पूरी टीम को समग्र मार्गदर्शन प्रदान किया ।

राकेश मोहन
उप गवर्नर

1 जून 2007